## एक नजर में



### युवक ने नौकरी न मिलने पर फांसी लगाकर दी जान

**दतिया.** लाच थाना अंतर्गत ग्राम चकबैना में 30 वर्षीय युवक ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. युवक एमबीए तक पढ़ा हुआ था. लेकिन नौकरी नहीं मिलने और शराब की लत के कारण लंबे समय से तनाव में बताया जा रहा है. घटना के समय परिवार के सदस्य गांव में वट पूजन कार्यक्रम में गए हुए थे. रोहित जाटव पिता देवीलाल जाटव ने अपने घर में ऊपर वाले कमरे में साड़ी का फंदा बनाकर पंखे से लटककर आत्महत्या कर ली. जब उसकी मां और पत्नी पूजन से लौटकर घर पहुंचीं तो कमरे में रोहित का शव फंदे पर लटका मिला. यह दृश्य देखकर परिवार में चीख-पुकार मच गई. सूचना पर पड़ोसी और परिजन मौके पर पहुंचे. घटना की जानकारी मिलते ही लाच थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को फंदे से उतारकर अस्पताल भिजवाया. रविवार सुबह पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है. पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है.

# सरकार खरीद रही सोना : दिग्विजय

## पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा- सोना न खरीदने की अपील बेतुकी

**ग्वालियर, 17 मई. पूर्व मुख्यमंत्री और वरिष्ठ कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह ने रविवार को ग्वालियर में एनडीए सरकार को आड़े हाथों लिया. उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार जन अपेक्षाओं एवं हर मुददे पर लगभग फेल रही है. उन्होंने बढ़ती महंगाई, नीट पेपर लीक, डीजल पेट्रोल पर भी सरकार को घेरा. दिग्विजय सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री देशवासियों से सोना न खरीदने की अपील कर रहे है जबकि उनकी सरकार जमकर सोना खरीद रही है.**

ग्वालियर में रविवार को पत्रकारों से चर्चा करते हुये पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा की करनी और कथनी में बहुत अंतर है. प्रधानमंत्री अच्छे दिनों की बात तो 12 साल पहले से कर रहे हैं लेकिन वह अच्छे दिनों को लेकर पूरी तरह से असफल नजर आ रहे है. उन्होंने कहा कि नीट की परीक्षा में चार पांच बार पेपर लीक की शिकायतें लगातार भाजपा शासित राज्यों में से आ रही है. उन्होंने कहा कि वर्ष 2017, 2021, 2024 और 2026 में पेपर लीक हुआ और 2025 में हुआ, लेकिन उसे दबा दिया गया. उन्होंने कहा कि संसद की स्टेंडिंग कमेटी का चेयरमैन होने के नाते सभी पक्ष और विपक्ष के सदस्यों के साथ कुछ महत्वपूर्ण सुझाव समिति ने दिये थे, लेकिन मानव संसाधन मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने यह कहकर कि यह कमेटी विपक्ष की है उन सुझावों को अस्वीकार कर दिया. उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मांग की है कि या तो वह संसद की समिति को मान्यता देते है तो मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान को तत्काल प्रभाव से बर्खास्त करें. कांग्रेस पार्टी और उसका सहयोगी छात्र संगठन एनएसयूआई पेपर लीक मामले में देशभर में आंदोलन करते रहेंगे.

पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री जहां एक ओर जनता से सोना नहीं खरीदने की अपील कर रहे हैं वहीं सरकार विदेशों से सोना आयात कर उसे खरीद रही है. इतना ही नहीं सरकार ने आयात शुल्क को भी 15 प्रतिशत कर दिया है. उन्होंने कहा कि सरकार जहां सोना व्यापारियों का धंधा चैपट कर रही है वहीं छोटे लोगों को मंगलसूत्र तक नहीं खरीदने दे रही है. इसकी वह घोर निंदा करते है. इस अवसर पर सांसद अशोक सिंह, विधायकगण डा. सतीश सिंह सिकरवार, सुरेश राजे, पूर्व मंत्री भगवान सिंह यादव, लाखन सिंह, एआईसीसी सदस्य रश्मि पवार शर्मा, प्रदेश महासचिव सुनील शर्मा, जिलाध्यक्ष शहर सुरेन्द्र सिंह यादव, ग्रामीण जिलाध्यक्ष प्रभुदयाल जौहरे, पूर्व विधायक मदन कुशवाह, वासुदेव शर्मा आदि मौजूद थे.



### दो-दो सौ वाहनों के काफिले में भाजपाई

पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय ने कहा कि सरकार द्वारा पेट्रोल डीजल की बचत के लिए कहा जा रहा है लेकिन वहीं भाजपा के लोग ही दो-दो सौ वाहनों का काफिला लेकर निकल रहे है. इससे गरीब, किसान मजदूर छोटे व्यापारी परेशान है. कई छोटे उद्योग बंद हो गये है और लाखों लोग बेरोजगार हो गये है. सरकार देश में धर्म के नाम पर भावनाओं से नफरत फैला रही है. यह राष्ट्रीय एकता खतरा है. इसकी वह घोर निंदा करते है. विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर द्वारा राजेन्द्र भारती पर तत्काल कार्रवाई करने और विधानसभा सदस्य बीना निर्मला सप्रे पर कोई फैसला नहीं लेने के बारे में पूछे प्रश्न के जबाब में पूर्व सीएम ने कहा कि राजेन्द्र भारती की मां एक एनजीओ चलाती है उस मामले को तूल देकर फैसला किया गया है वहीं निर्मला सप्रे पर आज तक कोई फैसला नहीं लिया यह उनकी दोहरा मापदंड है.

### आरजीपीवी का नाम बदलना उचित नहीं

मध्य प्रदेश सरकार राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय का नाम बदलकर इसे तीन हिस्सों में बांटने जा रही है. इस खबर के सामने आते ही कांग्रेस बीजेपी सरकार पर भड़क गई है और उसपर राज्य के इतिहास को मिटाने का आरोप लगाया है. आज ग्वालियर प्रवास पर आए पूर्व मुख्यमंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह ने इस पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है. उन्होंने कहा कि इस तरह पूर्व प्रधानमंत्री और तकनीकी क्रांति के सूत्रधार रहे राजीव गांधी का नाम हटाना उचित नहीं है. दिग्विजय सिंह ने कहा, 'राजनीतिक मतभेद अपनी जगह हैं, लेकिन देश के पूर्व प्रधानमंत्री और तकनीकी क्रांति के सूत्रधार रहे राजीव गांधी के नाम को हटाना उचित नहीं है. मैं मुख्यमंत्री मोहन यादव से आग्रह करता हू कि इसका नाम यथावत रखा जाए.

### राज्यसभा जाने का विचार नहीं

भोजशाला के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि भोजशाला को उमा भारती के समय एक रिपोर्ट में कहा था कि भोजशाला मंदिर के प्रमाण नहीं है. अब फैसला कुछ और आया है. जिससे पूरे देश में तनाव का माहौल पैदा किया जा रहा है. पूर्व सीएम से राज्यसभा में जाने के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि कवह 5 बार विधानसभा अध्यक्ष दो बार ससंद दो बार राज्य सभा सदस्य रहे है अब औरों को भी मौका देना चाहिये.

# संगठन विस्तार को लेकर महिला कांग्रेस की अहम बैठक सम्पन्न

### जिला प्रभारी यास्मीन शेरानी पहुंचीं नीमच

**नीमच। अखिल भारतीय महिला कांग्रेस द्वारा प्रदेशभर में संगठन को मजबूत और सक्रिय बनाने के उद्देश्य से लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में रविवार को नीमच के गांधी भवन में महिला कांग्रेस की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें महिला पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।**

बैठक में महिला कांग्रेस की प्रदेश महासचिव एवं नीमच-रतलाम जिला प्रभारी यास्मीन शेरानी विशेष रूप से उपस्थित रहीं।निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार यास्मीन शेरानी सुबह नीमच पहुंचीं और महिला पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं से वन-टू-वन चर्चा कर संगठनात्मक गतिविधियों की समीक्षा की। बैठक में बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत बनाने, आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार करने तथा महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी बढ़ाने पर विस्तार से चर्चा हुई।

जिलेभर से आई महिला कार्यकर्ताओं ने भी अपने सुझाव रखे।यास्मीन शेरानी ने बताया कि वे मध्यप्रदेश महिला कांग्रेस की प्रदेश उपाध्यक्ष होने के साथ ही रतलाम नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष और छह बार की पार्षद रह चुकी हैं। उन्होंने कहा कि संगठन द्वारा उन्हें नीमच और मंदसौर जिले का प्रभारी बनाया गया है। प्रदेश स्तर पर जिला एवं शहर अध्यक्षों की समितियों को पुनर्गठित किया जा रहा है तथा सभी जिलों में प्रभारियों की नियुक्ति की गई है।

प्रभारी द्वारा सक्रिय महिलाओं की रिपोर्ट और बायोडाटा प्रदेश नेतृत्व को सौंपे जाएंगे, जिसके आधार पर प्रशिक्षण एवं नई जिम्मेदारियां तय की जाएंगी।उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा महिलाओं को सम्मान दिया है और भविष्य में भी योग्य एवं सक्रिय महिलाओं को आगे बढ़ाने का कार्य जारी रहेगा। नगर निगम और नगर पंचायत चुनावों में महिलाओं को पर्याप्त अवसर मिले, इसके लिए भी रिपोर्ट तैयार कर प्रदेश नेतृत्व को भेजी जाएगी। शेरानी ने बताया कि महिला कांग्रेस का सदस्यता अभियान भी चलाया जा रहा है, जिसके अंतर्गत सक्रिय एवं मजबूत महिला कार्यकर्ताओं की पहचान कर उन्हें संगठन में महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां दी जाएंगी। बैठक को संगठन विस्तार और आगामी राजनीतिक गतिविधियों की दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जा रहा है।



# जनता का भरोसा बनाए रखना हमारी जिम्मेदारी : शुक्ल

**रीवा, 17 मई. भारतीय जनता पार्टी रीवा जिले का दो दिवसीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान शनिवार को समदड़िया गोल्ड में शुरू हुआ. कार्यक्रम में प्रदेश और जिला पदाधिकारी, विधायक, जिला पंचायत अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष और महामंत्री समेत बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता शामिल हुए.**

कार्यक्रम का शुभारंभ उपमुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल, सांसद जनार्दन मिश्र और भाजपा जिला अध्यक्ष वीरेंद्र गुप्ता ने सरकारी योजनाओं से जुड़ी प्रदर्शनी का उद्घाटन कर किया. उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने कहा कि भाजपा सरकार ने मध्य प्रदेश को बीमारू राज्य की छवि से बाहर निकालकर विकसित राज्यों की श्रेणी में खड़ा किया है.

उन्होंने कहा कि एक समय प्रदेश में बिजली, सड़क और बुनियादी सुविधाओं का अभाव था. गांव अंधेरे में डूबे रहते थे और युवाओं का भविष्य संकट में था, लेकिन भाजपा सरकार बनने के बाद प्रदेश में चौमुखी विकास हुआ. उन्होंने कहा कि विकास कार्यों के लिए सरकार को कभी धन की कमी नहीं आने दी गई और कई ऐसे कार्य किए गए जिन्हें लोग असंभव मानते थे.

### सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाएं

उपमुख्यमंत्री ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि जनता भाजपा पर भरोसा करती है और इस भरोसे को बनाए रखना हम सभी की जिम्मेदारी है. उन्होंने संगठन को मजबूत करने और सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया. प्रशिक्षण कार्यक्रम को संभाग प्रभारी विजय दुबे और सतना महापौर योगेश ताम्रकार ने भी संबोधित किया. कार्यक्रम में संगठन की कार्यप्रणाली, सरकार की योजनाओं और आगामी रणनीतियों पर चर्चा की गई.

## नाती की खुदकुशी के गम में दादी की भी मौत

**शिवपुरी.** जिले के देहात थाना क्षेत्र स्थित छोटे लुहारपुरा में एक ही परिवार में 24 घंटे के भीतर हुई दो मौतों ने पूरे इलाके को गमगीन कर दिया. सीबीएसई 12वीं की परीक्षा में दो विषयों में पूरक आने से परेशान 18 वर्षीय छात्र आर्यभान सिंह सिसौदिया ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. वहीं पोते की मौत का सदमा उसकी 75 वर्षीय दादी कमला सिसौदिया बर्दाश्त नहीं कर सकीं और हार्ट अटैक से उनका भी निधन हो गया. जानकारी के अनुसार आर्यभान सिंह सिसौदिया ने इस वर्ष सीबीएसई बोर्ड से 12वीं की परीक्षा दी थी. बुधवार को घोषित परीक्षा परिणाम में उसके दो विषयों में पूरक आ गई थी.

# 1 किलो 784 ग्राम अवैध अफीम सहित आरोपी गिरफ्तार

### नयागांव पुलिस की बड़ी कार्रवाई, स्विफ्ट कार जब्त

**नीमच. जिले में अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत चौकी नयागांव थाना जावद पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को 1 किलो 784 ग्राम अवैध मादक पदार्थ अफीम एवं एक मारुति स्विफ्ट कार सहित गिरफ्तार किया है।**

प्राप्त जानकारी के अनुसार, प्रदेश में मुख्यमंत्री एवं डीजीपी के निर्देशानुसार नशे और अवैध मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक नीमच श्री राजेश व्यास, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री नवलसिंह सिसौदिया तथा एसडीओपी जावद श्री रोहित राठौड़ के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी जावद निरीक्षक श्री मनोजसिंह जादौन एवं चौकी प्रभारी नयागांव मंगलसिंह राठौड़ के नेतृत्व में पुलिस टीम ने यह कार्रवाई की। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि जावद-नयागांव रोड स्थित ढाबा माता मंदिर पुलिया के पास से एक कार में अवैध अफीम ले जाई जा रही है। सूचना के आधार पर पुलिस ने नाकाबंदी कर मारुति स्विफ्ट कार क्रमांक ऋछ्ठ-09-ष्ठष्ट-3584 को रोका। तलाशी लेने पर कार से 1 किलो 784 ग्राम अवैध अफीम बरामद की गई। पुलिस ने आरोपी सुरेश मालवीय पिता भगतराम (36 वर्ष), निवासी ग्राम चड़ौली थाना नीमच सिटी को मौके से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के विरुद्ध धारा 8/18 एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस टीम की इस कार्रवाई की क्षेत्र में सराहना की जा रही है।



## झटका मशीन के तार से युवक का गला कटा, मौत

**भिंड.** जिले के फूफ थाना क्षेत्र के भदाकुर रोड पर दर्दनाक हादसे में बाइक सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई. खेत में झटका मशीन का पतला तार समेटने के दौरान अचानक सड़क पर खिंचे तार की चपेट में आने से बाइक चालक का गला कट गया. गंभीर चोट लगने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई. मृतक की पहचान 52 वर्षीय अवधेश पुत्र ओमप्रकाश यादव निवासी तिलक खंगार, जिला फिरोजाबाद (उत्तर प्रदेश) के रूप में हुई है. उनके साथ 18 वर्षीय बेटा नितिन यादव भी बाइक पर सवार था. दोनों दतिया स्थित पंडोखर सरकार के दर्शन कर अपने गांव लौट रहे थे. जानकारी के अनुसार सुबह करीब सवा नौ बजे अवधेश यादव भदाकुर रोड से गुजर रहे थे.




भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान-2026 के तहत रविवार को भोपाल के दो दिवसीय जिला प्रशिक्षण वर्ग के दूसरे दिन सत्र को संबोधित किया.

# संजीवनी क्लीनिक : फर्जी डॉक्टरों का भंडाफोड़

### 2 गिरफ्तार, 1 अभिरक्षा में

नवभारत न्यूज

**दमोह, 17 मई. राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत सुभाष कॉलोनी दमोह में संचालित संजीवनी क्लीनिक में फर्जी एमबीबीएस डिग्री और रजिस्ट्रेशन के आधार पर नौकरी कर रहे दो फर्जी डॉक्टरों को दमोह पुलिस ने गिरफ्तार किया है और एक अन्य आरोपी को जबलपुर से अभिरक्षा में लिया गया है.**

पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगी (आईपीएस) 16 मई को सीएमएचओ कार्यालय से जांच प्रतिवेदन प्राप्त हुआ.जांच में सामने आया कि डॉ. कुमार सचिन यादव निवासी ग्वालियर व डॉ. राजपाल गौर निवासी सीहोर ने चयन प्रक्रिया में फर्जी व कूटरचित एमबीबीएस डिग्री, मेडिकल काउंसिल रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र व अन्य दस्तावेज लगाए थे.इन फर्जी दस्तावेजों के आधार पर दोनों करीब एक वर्ष से संजीवनी क्लीनिक में नियुक्त थे. आरोपियों ने शासकीय संस्था को धोखा देकर अवैध लाभ प्राप्त किया और आम जनता के स्वास्थ्य व जीवन से गंभीर खिलवाड़ किया.मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगी के निर्देशन, अति. पुलिस अधीक्षक सुजीत सिंह भदौरिया व नगर पुलिस अधीक्षक एच.आर. पाण्डेय के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक मनीष कुमार ने त्वरित कार्रवाई की.आरोपियों पर अप.क्र. 479/26 धारा 318(3), 338, 336(3), 340(2) बीएनएस और अप.क्र. 480/26 धारा 318(3), 338, 336(3), 340(2) बीएनएस पर मामला दर्ज हुआ है. इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक मनीष कुमार, उनि. नीतेश जैन, सउनि. रमाशंकर मिश्रा, प्रआर. सौरभ टंडन, प्रआर. राकेश अठ्या, आरक्षक ब्रजेन्द्र मिश्रा की सराहनीय भूमिका रही.



### फर्जी डिग्री और दस्तावेज उपलब्ध कराने वाले नाम आए सामने

पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगी (आईपीएस) ने बताया कि डॉ. अजय मोर्य पिता मनीराम मोर्य, निवासी मुरैना, हाल चैरीताल जबलपुर आरोपी को जबलपुर संजीवनी अस्पताल में कार्यरत था.पूछताछ में पैसा लेकर फर्जी एमबीबीएस डिग्री, डॉक्टर रजिस्ट्रेशन और दस्तावेज उपलब्ध कराने वाले कई लोगों के नाम सामने आए हैं. पुलिस की टीमें उनकी तलाश में जुटी हैं.फर्जी डिग्री के आधार पर राज्य स्तरीय संस्था के माध्यम से नियुक्ति कराना गंभीर विषय है. इसमें भोपाल स्तर की संस्थाओं की भूमिका भी संदिग्ध मानी जा रही है.

## 40 घंटे बाद भी पुलिस के हाथ खाली

**सिंगरौली.** अंतरराज्यीय बस स्टैंड बैढ़न से 15 मई की रात अपने पिता के साथ सो रही दो वर्ष की मासूम बच्ची अचानक लापता हो गई. बच्ची के तलाश के लिए पॉच थानों की पुलिस लगी हुई है, लेकिन 40 घंटे के बाद भी पुलिस के हाथ खाली हैं. गौरतलब है कि ग्राम नगौर चटनिया टोला निवासी अर्जुन सिंह औड़ी मोड़ से अपनी दो वर्षीय बच्ची मनीषा को लेकर घर जाने के लिए बैढ़न आया था. जहां उसके साथ में एक अन्य अनजान व्यक्ति भी औड़ी से ही आया था. बस स्टैंड बैढ़न में बच्ची के साथ अर्जुन एवं अनजान व्यक्ति भी सो गये. आधी रात को जब अर्जुन की नींद टूटी तो बच्ची और अनजान व्यक्ति भी गायब था. घटना की सूचना कोतवाली बैढ़न पुलिस को दी गई, जहां पुलिस रात भर तलाश की, उस दौरान एसपी एवं एएसपी के निर्देश पर पॉच थानों की पुलिस बच्ची को तलाशने में लग गई, लेकिन करीब 40 घंटे बाद भी पुलिस के हाथ खाली हैं. सूत्र बता रहे हैं कि कुछ सुराग पुलिस के हाथ लगे हैं. गौरतलब है कि पुलिस के द्वारा उच्च क्वालिटी के सीसीटीवी कैमरे लगवाने का दावा किया है और यह भी दावा किया है कि सभी कैमरे ठीकठाक चल रहे हैं तो इससे बेहतर फुटेज क्यों नही मिला?

**भोजशाला** गो मूत्र से भोजशाला परिसर का शुद्धिकरण, वैदिक मंत्रोच्चार और शंखध्वनि के साथ विधि-विधान से पूजा-अर्चना की शुरुआत हुई

# मां वाग्देवी का चित्र सहित अखंड ज्योति को गर्भगृह में स्थापित किया

संजय बाजपेई

**धार, 17 मई. शहर धार में स्थित भोजशाला को लेकर पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग (ASI) द्वारा जारी की गई नई गाइडलाइन के बाद आज एक नया इतिहास रचा गया.**

नई व्यवस्था के तहत अब हिंदू समाज को बिना किसी रोक-टोक के साल के 365 दिन पूजा करने का अधिकार मिल गया है. रविवार सुबह सूर्योदय होते ही हिंदू समाज और भोज उत्सव समिति के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में भोजशाला परिसर पहुंचे. भोज समिति के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं और श्रद्धालुओं ने मां वाग्देवी (देवी सरस्वती) का भव्य तैल चित्र लेकर परिसर में प्रवेश किया. भोजशाला में प्रवेश करते ही सबसे पहले सनातन परंपरा के अनुसार पूरे परिसर को गो-मूत्र छिड़ककर शुद्ध किया गया. इसके बाद वैदिक मंत्रोच्चार और शंखध्वनि के साथ विधि-विधान से पूजा-अर्चना की शुरुआत हुई.





इस विशेष अवसर के लिए भोजशाला के गर्भगृह को रंग-बिरंगी और आकर्षक रंगोलियों से बेहद खूबसूरती के साथ सजाया गया था. एक और महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, भोजशाला परिसर के बाहर स्थित ज्योति मंदिर की 'अखंड ज्योत' को भी पूरे सम्मान के साथ गर्भगृह के भीतर लाकर स्थापित कर दिया गया. मां वाग्देवी के चित्र की स्थापना के दौरान वहां मौजूद जनसैलाब का उत्साह देखते ही बनता था. परिसर 'जय श्री राम' और 'मां वाग्देवी की जय' के जयकारों से गुंजायमान हो उठा. इस ऐतिहासिक पल की खुशी में महिलाओं और युवाओं ने पारंपरिक नृत्य कर अपनी प्रसन्नता जाहिर की.

**फहराया ध्वज :** महाआरती के बाद केंद्रीय राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर ध्वजारोहण के लिए भोजशाला के गुंबद की ओर गईं, लेकिन गुंबद पर सुरक्षा के लिहाज से कांटेदार तार लगे होने के कारण मंत्री ठाकुर ने सीढ़ियों पर लगे दरवाजे पर ही ध्वज की पूजा-अर्चना कर ध्वजारोहण किया. मंत्री सावित्री ठाकुर के अनुसार किसी भी मंदिर के शिखर पर ध्वज लगाना महत्वपूर्ण होता है, लेकिन कांटेदार तारों के कारण हमने छत की ओर जाने वाले गेट पर ध्वज फहराया है.

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि पहले शुक्रवार के दिन यहां तनाव की स्थिति रहती थी, लेकिन अब स्थिति सामान्य हो गई है और श्रद्धालु कभी भी दर्शन कर सकते हैं.

### प्रशासनिक अमला भी मुस्तैद

इस धार्मिक अनुष्ठान की संवेदनशीलता और महत्ता को देखते हुए प्रशासनिक अमला भी पूरी तरह मुस्तैद नजर आया. धार कलेक्टर राजीव रंजन मीणा और एसपी सचिन शर्मा खुद सुबह से ही मौके पर मौजूद रहे. अधिकारियों ने न केवल सुरक्षा और कानून व्यवस्था का जायजा लिया, बल्कि खुद भी पूजन प्रक्रिया में शामिल होकर मां वाग्देवी की आराधना की. भोज उत्सव समिति के महामंत्री सुमित चौधरी के अनुसार, सुबह से शुरू हुआ देवी अनुष्ठान और शुद्धिकरण का कार्य निरंतर जारी है. दोपहर 11:45 बजे हिंदू समाज की ओर से एक भव्य महाआरती का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में हिंदू समाज के लोग मौजूद रहे.

### उल्लंघन करने पर होगी कार्रवाई

सुरक्षा व्यवस्था को लेकर एसपी सचिन शर्मा ने बताया कि पिछले चार-पांच दिनों से पूरे क्षेत्र में भारी पुलिस बल तैनात है. सुरक्षा को अभेद्य बनाने के लिए त्रिस्तरीय सुरक्षा घेरा तैयार किया गया है. जिसमें संवेदनशील और प्रमुख स्थानों पर स्थायी पुलिस बल तैनात किया गया है. पुलिस के वाहन लगातार क्षेत्र में गश्त (पेट्रोलिंग) कर रहे हैं. इलाके की ऊंची इमारतों पर भी पुलिस जवानों को तैनात किया गया है, ताकि हर गतिविधि पर पैनी नजर रखी जा सके. प्रशासन नियमों का पालन कराने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है. यदि कोई भी व्यक्ति नियमों का उल्लंघन करता है या शांति व्यवस्था भंग करने की कोशिश करता है, तो उसके खिलाफ कानून के तहत कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी.